अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन का महासम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के तत्वावधान में आज नोएडा में विराट वैश्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। विराट वैश्य महासम्मेलन में पूर्व राज्यसभ सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा देने का काम किया है। हमारी संख्या 35 करोड़ है लेकिन राजनीति में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है। आज आवश्यकता अपनी कमी को दूर करने की है।

नोएडा में सबसे ज्यादा जनसंख्या वैश्य समाज की है लेकिन फिर भी राजनीति में हमारी हिस्सेदारी नहीं है। हमें अपनी ताकत दिखानी होगी। दर्जा राज्यमंत्री कैप्टन विकास पुण्ड ने कहा कि आज वैश्य समाज बहुत पिछड़ा हुआ है। हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा। अपने समाज को बचाना है और समाज की राजनीतिक चेतना को जगाना है तो हमें अपनी एकजुटता दिखानी होगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री चिंतिन अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व मंत्री चिंतिन पुण्ड व अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज की एकता एवं जागरूकता पर चर्चा, राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की गयी। इसके अलावा वैश्य समाज के लड़के लड़कियों के विवाह देरी से होना, वैश्य समाज में पंच परमेश्वर पंचायत के सभी सर्वा होना जो कोर्ट या न्यायालय में केस चलते हैं उन्हें कोर्ट से बाहर निपटना, वैश्य समाज व्यापारी टास्क फोर्स का गठन करना, वैश्य समाज के सभी आईटीआर भरने वालों को फ्री मेडिकल सेवा, वैश्य परिवार के जिनके स्कूल कॉलेज चल रहे हैं उनके द्वारा अपने वैश्य समाज परिवार के जो पैसे की कमी के कारण नहीं पढ़ पा रहे हैं उन बच्चों को स्कूल कॉलेज कॉपियें में फ्री या कम फीस में सुविधा, विवाह से पहले वेडिंग कुट बंद कराना, किसी की तेरहवीं पर फालतू का दिखावा बंद करना, विवाह होने के बाद वर वधू जब तालाक लेते हैं तो वधू पक्ष पर पक्ष पर गलत इल्जाम से जो रुपयों प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा मांगते हैं उस पर रोक लगाना जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। विराट वैश्य महासम्मेलन में संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विनय, अग्रवाल उपाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, सुधीर पौरवाल, महेश बाबू गुप्ता, राजीव पौरवाल अध्यक्ष जय वैश्य समाज, एडवोकेट कुणाल गर्ग, साध्य नारायण सेठल, अमित पौरवाल, सुनीश गर्ग, शशि जिंदल नगर अध्यक्ष भंगेल, सैलेन्द्र बरनवाल, मनोज गुप्ता, सचिन गुप्ता व नवीन गर्ग आदि मौजूद रहे।

नो हेलमेट-नो फ्यूल के अंतर्गत पेट्रोल पंपों पर चला 1 माह का चेकिंग अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के क्रम में जे. रविंदर गौड़ पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद के निर्देशन व सरिधानंद अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने व सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी लाये जाने एवं दो-पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराये जाने हेतु 01 सितंबर से यातायात पुलिस द्वारा कमिश्नरेट के विभिन्न पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान प्रारम्भ किया गया है। उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को सड़क दुर्घटना में हेलमेट की महत्वता के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बिना हेलमेट के कुल 1,427 दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। पेट्रोल पंप स्वामी एवं कर्मचारियों को पेट्रोल पम्प पर नो-हेलमेट-नो फ्यूल के बैनर लगवाने एवं बिना हेलमेट किसी भी दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिए जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। यह अभियान यातायात नियमों के पालन करने के साथ साथ लोगों को यह संदेश देने के लिए भी है, कि हेलमेट आपकी सुरक्षा है, विकल्प नहीं। समुक्त टीम का यह अभियान 01 सितंबर से 01 माह तक लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस दो पहिया वाहन चालकों से अनुरोध कर रही है, कि स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उक्त अभियान में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी गाजियाबाद, जिला पूर्ति अधिकारी गाजियाबाद, सहायक पुलिस आयुक्त-यातायात, एवं यातायात निरीक्षक गण, उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सभासद ने साथियों के साथ युवक को डंडे से पीटा

लोनी। टोनिका सिटी थाना क्षेत्र में सामान लेने जा रहे युवक को पूर्व सभासद ने अपने साथियों के साथ डंडे, केबल और फटे से पीट दिया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने नौ नामजद समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी युसुफ अली ने बताया कि पुत्र आसिफ 28 अगस्त को घर का सामान लेने दुकान जा रहा था। रास्ते में पूर्व सभासद नदीम उर्फ गुड्डू और फैसल निवासी आर्य नगर साथियों खालिद, आरिफ, टिक्कू, ताजिम, उसमान त्यागी, जैनुल निवासी खुशहाल पार्क कॉलोनी के अलावा अन्य लोग दो कार में बैठे मिले। आरोप है कि नदीम और उसके साथियों ने पुत्र के साथ मारपीट की। इसमें पुत्र गंभीर रूप से चोटिल हो गया। शोर मचने पर आस पास के लोगों को एकत्र होता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में नौ नामजद समेत पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक का शव मिला, शिनाख्त के प्रयास जारी

लोनी। लोनी थाना क्षेत्र में डाबे के पास सोमवार को अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी है। लोनी गाजियाबाद रोड स्थित रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में डाबे के पास आईजीएल गैस पाइप लाइन बोर्ड के पास 32 वर्षीय युवक का शव मिला। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक नशे की हालत में घूमता रहता था। शव पर चोट के निशान नहीं मिले है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व मृतक की शिनाख्त होने पर मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए दिल्ली समेत आस पास के थाने में मृतक के फोटो भेजे गए है।

ऑनलाइन डीजे का सौदा कर 74 हजार रुपये गंवाए

मोदीनगर। गांव त्योड़ी निवासी छोटू कुमार ने सोमवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जून में इंस्टाग्राम पर डीजे का विज्ञापन देखा था। खरीदने के लिए उसने विज्ञापन पर बोखाल नंबर पर कॉल किया तो कुलदीप नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। इसके बाद 74 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। पीड़ित ने कुलदीप की तरफ से दिए क्यूआर कोड पर रकम भेज दी। इसके बाद से न डीजे मिला और न ही रकम वापस मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

दिव्यांगों के जिला अस्पताल में लगाया शिविर

गाजियाबाद। दिव्यांगों के विभिन्न योजनाओं में आवेदन करने के लिए दिव्यांगजन विभाग ने जिला अस्पताल में सोमवार को शिविर लगाया। जिला दिव्यांगजन अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि शिविर में कुल 62 दिव्यांग आए जिसमें 15 दिव्यांगों के विभिन्न योजनाओं में आवेदन किए गए। जिसमें एक मूक बधिर बच्चे का कोक्लियर इंप्लांट के लिए आवेदन किया गया। इसके अतिरिक्त तीन आवेदन ट्राइसाइकिल, दो स्मार्टफोन, पांच वैसाखी, चार एमआर किट के लिए आवेदन किए गए। अधिकारी ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों ने दिव्यांगों को रेल, बस पास के साथ स्कॉलरशिप और स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस शिविर में दिव्यांगजन अधिकारी भी मौजूद रहे। दिव्यांगों को मसूरी में बने दिव्यांग विद्यालय के बारे में भी बताया गया।

15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। कोतवाली फेज-3 पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-64 स्थित सहारा कट से दबोचा। आरोपी की पहचान बिसरख निवासी सलीम खान के रूप में हुई है। वह मूलरूप से प्रयागराज के फूलपुर का रहने वाला है। आरोपी सलीम खान व अन्य पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर कर्मचारियों को सैलरी देने के नाम पर 26 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। कोतवाली फेज-3 में मुकदमा पंजीकृत है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि आरोपी का एक संगठित गिरोह है। इसके खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं।

सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित, लोग परेशान

डेटर नोएडा। डेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील ग्रीन्स दो सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित होने से निवासी परेशान हैं। सोसाइटी में रविवार से बिजली की समस्या बनी हुई है,जिसका हल सोमवार को भी नहीं किया गया। आरोप है कि सोमवार सुबह चिल्डर प्रबंधन द्वारा डीजी का संचालन में नहीं किया गया। निवासियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 2 पट्टि के लिए सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसके कारण लोगों को अपने दफ्तर और बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार होने में परेशानी हुई। साथ ही, लिफ्ट का संचालन भी इस दौरान बंद रहा है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल का स्वागत

डेटर नोएडा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव सोमवार को डेटर नोएडा पहुंचे। वहां पहले चौक पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पार्टी चौक पर उनका स्वागत किया। उसके बाद राष्ट्रीय महासचिव मकोड़ा गांव में सपा नेता अक्षय भाटी और फिर सेक्टर चार फार्म में सपा नेता बब्बल भाटी के यहां पहुंचे। जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि जो निजी कार्यक्रम से डेटर नोएडा आए थे। इस मौके पर राजकुमार भाटी, वीर सिंह यादव, फकीरचंद नागर, इंद्र प्रधान, राजराज नागर, सुनील भाटी देवता, बब्बल भाटी, रामशरण नागर, सुधीर तोमर समेत अन्य कार्यकम मौजूद रहे।

रामलीला भूमिपूजन की तैयारियों का हुआ शुभारंभ

नोएडा। श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी ने रामलीला महोत्सव के लिए सोमवार को सेक्टर 46 स्थित रामलीला मैदान में भूमिपूजन किया। संस्थान के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष रामलीला महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से 03 अक्टूबर तक चलेगा। जहां भगवान राम की अद्भुत लीलाओं का मंचन देखने को मिलेगा। व्हास पेयरमैन राजेंद्र जैन व पुनम सिंह ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन और खास होगा। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। पंडित कृष्ण स्वामी ने बताया कि भगवान राम के जीवन से प्रेरित लीला का मंचन करने से समाज में और युवा पीढ़ी में संस्कारों का प्रसार होता है। इसलिए रामलीला मंचन और ऐसी अन्य कथाओं का आयोजन आवश्यक है। रामलीला भूमि पूजन के दौरान शहर के प्रमुखों संग बैठक की गई। वहीं सफलतापूर्वक आयोजन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाजपा महानगर पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व विधायक विमला बाथम, अनिल सिंह, टीएन सोविल, पीयूष द्विवेदी, विपिन मलहन ,चीके राणा, दीपक विग, मनीष शर्मा, उमेश त्यागी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों में जुटा प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। गौतमबुद्धनगर

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने आज ईडिया एक्सपो मार्ट, डेटर नोएडा स्थित सभागार में होटल संचालकों, ब्रांडिग एवं प्रमोशन तथा खान-पान व्यवस्थाओं से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में होटल संचालकों से कहा कि ट्रेड शो के दौरान विगत दो वर्षों से आपके द्वारा जैसे सहयोग किया जा रहा है, ठीक उसी प्रकार इस वर्ष भी यूपी ट्रेड शो को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि होटल संचालक केवल निर्धारित दरों पर ही सेवाएँ उपलब्ध कराएँ और किसी भी अतिरिक्त अथवा आगंतुक से निर्धारित दर से अधिक राशि न लें जाए। इस संबंध में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित होटल पर प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने यह भी कहा कि होटल प्रबंधन स्वच्छता, सुरक्षा एवं आतिथ्य के उच्चतम मानक बनाए रखें ताकि जनपद आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। ट्रेड शो की ब्रांडिंग एवं प्रमोशन को लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रेडियो आदि माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा सिनेमा हॉल, मॉल, मेट्रो स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सार्वजनिक स्थलों, शो स्थल एवं उसके आस-पास आकर्षक होर्डिंग्स, बैनर और डिजिटल स्क्रीन लगाई जाएं। ब्रांडिंग के दौरान स्थैक इन यूनीट एवं स्थोकला फ्रैंच लोकनर्त की थीम को प्रमुखता दी जाए ताकि राज्य की औद्योगिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सके। ट्रेड शो के दौरान यूपी के प्रत्येक जिले के प्रसिद्ध व्यंजन के भी स्टाल लगाया जाए, ताकि लोग प्रदेश के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद चख सकें। इसके साथ ही पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय, प्राथमिक उपचार तथा अन्य जनसुविधाओं का ध्यान रखते हुए आगंतुकों को सहज और सुखद अनुभव प्रदान किया जाए।बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहर को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी संबंधितों से अपेक्षा की कि यह आयोजन राज्य की साख और गौरव के अनुरूप भव्य, सफल और अनुकरणीय सिद्ध हो। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बंदना त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर सुरेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला अधिशित अधिकारी सावेंस सिंह, ईडिया एक्सपो मार्केट के सीईओ सुदीप सरकार तथा होटलों के प्रतिनिधियों तथा ब्रांडिंग एवं प्रमोशन से जुड़े अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अतिक्रमण से नोएडा में यातायात प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अतिक्रमण और अनियंत्रित यातायात के चलते नोएडा में नोएडा में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। खराब सड़कें, अतिक्रमण और अनधिकृत बस स्टॉप इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। कभी चौड़ी सड़कों, गगनचुंबी इमारतों और प्लॉट इंडस्ट्रज़ के लिए पहचाना जाने वाला नोएडा आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है जब 3 मार्च पहले 24 मई को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह इस पर कड़ा एक्शन लिया था। नोएडा में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और लगातार बढ़ते जाम की शिकायतों को लेकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कड़ा एक्शन लिया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही बरतने पर एसीपी (ट्रैफिक) पवन कुमार को निलंबित कर दिया गया और डीसीपी ट्रैफिक लक्ष्मन सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। यही नहीं, 12 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी दौड़ित किया गया है। इस कार्रवाई के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोगों को उम्मीद थी कि अब ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा। लेकिन अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम से लोग अब भी परेशान है। और चौड़ी सड़कों के लिए जाना जाता था... आज वहाँ हर मोड़ पर मिलती है एक ही चीज जाम। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक नोएडा की कई सड़कों एक चलती-फिरती पार्किंग बन चुकी हैं।

चाहे बात हो सेक्टर-62 की ऑटो कंपनियों की या सेक्टर-18 के मॉल्स की या नोएडा एक्सप्रेसवे पर महामाया फ्लाईओवर से लेकर अक्षरधाम तक– शहर हर कोना ट्रैफिक से जूझ रहा है। नोएडा में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा अतिक्रमण और अनधिकृत बस स्टॉप इस समस्या को और बढ़ा देते हैं। फुटपाथ पर बाइक चलाने वालों की फजह से भी अकसातकारी मचती है। सड़कों पर रेहड़ी, ठेला-खोमचा वाले और आवारा पशु इस समस्या को और विकराल बना देते हैं। स्थानीय निवासियों का साफ आरोप है कि सड़क पर लगने खाने के ठेलों और साम्ही विक्रेताओं के बैठ जाने से जाम की समस्या बढ़ती है। ये ठेलों और सब्जी विक्रेता न केवल सड़क का आधा हिस्सा घेर लेते हैं बल्कि खरीदारों की भीड़ भी सड़क पर रुक जाती है।

विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: प्लाट टेक टियरी सीक्टर-132एक्स, नोएडा
कॉर्पोरेट कार्यालय: बी-35/37, लोअर बेसमेंट, टियरी, ओखीचेन बेस, बी गंडमपुर, उत्तरप्रदेश-226002, भारत
CIN: L24139HR1988PLC030300
ईमेल: cavikaswapltd@gmail.com, वेबसाईट: http://www.vikaswapltd.in;

LOST & FOUND
I/o be known to all that I, Ankur Singhal S/o Late Sh. Laxman Dass, R/o Flat No. 1, Bharat Apartments, Sector 13, Rohini, Delhi - 110085 declare that I have lost my Property Papers Builder Buyer Agreement, and Original Conveyance Deed having Registration No. 5403 dated 01/06/2015 of Plot No. 8-21, Jindal Global City Sonipat Haryana. Same are not traceable inspite of my best efforts. An NCR in this effect has been lodged vide LR No. 31579981/2025 Date: 01/06/2025. Finder Contact: 8447708862

PUBLIC NOTICE
This is to inform public at large that my client Smt Ritu Mishra W/o Sh. Prabhu Kishor Mishra @ Sitharam Mishra Mishra R/o H. No. 1-1-255/3/75-A/ 1, Ramnagar Vihar, South Delhi-110092 has severed all his relations with their son and daughter in law namely Ajay Kumar and his wife Shilpi Kumari R/o House No.222 Gali No -8, Shiv Enclave Part -I Nangloi Najafgarh Extension, Delhi - 110043 has disowned and debarred them from all her movable and immovable properties in Delhi and Haryana. My client shall not be responsible for their any act and deed in future.
(Aruna Kumari Pawar) Advocate

सार्वजनिक घोषणा
गेसर्स एंजीएल टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड
श्री नवनीत कुमार गुप्ता का एंजील टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्ति
एंजील टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के सभी लेनदारों को सूचित किया जाता है कि माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ (सीपी-(आई)-1317(एनडी)/2022 मामले में अपने दिनांक 28.08.2025 के आदेश के तहत दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 27 के प्रावधानों के तहत पूर्व समाधान पेशेवर, श्री आशीष कुमार गुप्ता के स्थान पर श्री नवनीत कुमार गुप्ता को कॉर्पोरेट देनदार के समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त किया है।
यह दिनांक 28.08.2025 को कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में समाधान पेशेवर के प्रतिस्थापन के संबंध में सूचित किया जाता है। सीआईआरपी से संबंधित सभी दस्तावेज, प्रस्तुतियाँ और संपर्क नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर समाधान पेशेवर को निर्देशित किए जाने चाहिए।
आदेश की तारीख एनसीएलटी के आदेश द्वारा नियुक्त समाधान पेशेवर का विवरण–
नाम – नवनीत कुमार गुप्ता
पंजीकरण सं. – IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-17/10009
ईमेल – CIRPOFATPPL@mineversolutions.com
कार्यालय पता – यूनिट सं. 2, ग्राउंड फ्लोर, गोल्फ लिंक एक्सटेंशन, सेक्टर 25बी, पॉकेट ए, हरकत, नई दिल्ली–110077
हस्ता–
नवनीत कुमार गुप्ता
दिनांक: 02.09.2025 IBBI/IPA-001/IP-P00001/2016-17/10009

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को सूचना दुरुस्त की और से यह सूचना दी जाती है कि मेसर्स एंजील टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएन: यू70109डीएल2022पीटीसी398000) के संबंध में दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के संबंध में दिनांक 28.08.2025 के आदेश के तहत, माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण, नई दिल्ली पीठ (सीपी-(आई)-1317(एनडी)/2022 मामले में) ने मुझे, नवनीत कुमार गुप्ता (आईबीबीआई पंजीकरण संख्या आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00001/2016-17/10009) को कॉर्पोरेट देनदार के समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त किया है। सभी जनता को सूचित किया जाता है कि मुझे इस संबंध में कोई दस्तावेज, पत्राचार या संचार यूनिट नं. 2, ग्राउंड फ्लोर, गोल्फ लिंक एक्सटेंशन, सेक्टर 25बी, पॉकेट ए, हरकत, नई दिल्ली–110077 पर भेजा जाए। कि उक्त आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त के बाद, मैं सभी दावों को आमंत्रित करने के लिए एक सार्वजनिक घोषणा करूंगा। दावों को प्रमाण के साथ आईबीबीआई (समाधान प्रक्रिया के लिए लागत) विनियम, 2016 के तहत निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। दावों को 14 दिनों के भीतर या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। दावों को जमा करने में विफलता के परिणामस्वरूप दावों को आईबीबीआई (समाधान प्रक्रिया के लिए लागत) विनियम, 2016 के तहत नहीं गिना जाएगा। वित्तीय लेनदारों को अपने दावों को प्रमाणित करना होगा। वित्तीय लेनदारों को अपने दावों के साथ वित्तीय ऋण के किसी भी रिकॉर्ड को प्रस्तुत करना होगा। कॉर्पोरेट देनदार के

शीघ्र लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट

- सीएम का निर्देश, विवाद की स्थिति में प्रशासक की तैनाती ठीक नहीं, प्रबंध समिति ही तय करे अपना विधान
- ट्रस्ट हो या सोसाइटी, संपत्तियों की मनमानी बिक्री रोकने के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी

संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण और संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता पर बल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा सक्रिय संस्थाओं के निरस्तीकरण, विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित विषय भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि व्यावहारिकता का ध्यान रखते हुए युगानुकूल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम लागू किया जाए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति में सोमवार को हुई बैठक में प्रस्तावित अधिनियम पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और सदस्य हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट हो या सोसाइटी, कुछ लोगों की कुत्सित मानसिकता के चलते संस्थाओं की संपत्तियों की मनमानी बिक्री न हो, यह रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। विवाद की स्थिति में प्रशासक नियुक्त किये जाने को अनुपयुक्त बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी संस्था कैसे संचालित होगी, यह प्रबंध समिति ही तय करे। सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन की ओर से संस्थाओं के आंतरिक कामकाज में न्यूनतम हस्तक्षेप ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग अठत लाख से अधिक संस्थाएं पंजीकृत हैं, जिनकी गतिविधियां शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता, ग्रामीण विकास, उद्योग, खेल आदि अनेक क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। इसलिए उनके संचालन, सदस्यता, चुनाव और वित्तीय अनुशासन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निष्क्रिय अथवा सक्रिय संस्थाओं के विघटन, निरस्तीकरण और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन के लिए अधिनियम में ठोस प्रावधान होना चाहिए। साथ ही सदस्यता विवाद, प्रबंधन समिति में मतभेद, वित्तीय अनियमितताओं तथा चुनाव संबंधी विवादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण की व्यवस्था की जानी उचित होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन, केवाईसी आधारित और समयबद्ध होनी चाहिए। वित्तीय लेन-देन की जवाबदेही तथा लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। नए कानून को यथाशीघ्र तैयार करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आवश्यक प्रावधान इस प्रकार तैयार किए जाएं, जिससे प्रदेश की पंजीकृत संस्थाएं समाजोपयोगी कार्यों को और प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें तथा पारदर्शिता और सुशासन की भावना को आगे बढ़ा सकें।

शिकायत लेकर पहुंचे, मुस्कान लेकर लौटे

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को किया 'जनता दर्शन'
- फरियादी के पास पहुंचे सीएम, सुनी समस्याएं, अफसरों को निराकरण के निर्देश

लखनऊ। अपनी फरियाद लेकर सितंबर की पहली सुबह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे फरियादी मुस्कान लेकर लौटे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश भर से 50 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री सभी के पास पहुंचे, उनकी समस्या जानी और प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी की समस्याओं का निराकरण हो और हर पीड़ित से फीडबैक भी लिया जाय। अधिभावकों के साथ आये छोटे बच्चों से भी मुख्यमंत्री आत्मीयता से मिले। हालचाल जाना और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चित होकर घर जाइये, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कन्या, परिवार आदि से जुड़े मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिया। 15 मामले जमीन, छह पुलिस, 4 मामले नाली, सड़क, खड़ंजे तथा 4 मामले आर्थिक सहायता से जुड़े भी आये। यहीं बेटी को शिक्षा, स्थानांतरण, आवास आदि के लिए भी सीएम के समक्ष लोगों ने गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने सभी को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा। नन्हें-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। कुछ बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान किया और पढ़-लिखकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य बनाने का आशीर्वाद दिया।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर तो लग गए पर नहीं दिए सीलिंग प्रमाण

- ठेकेदार स्मार्ट मीटर जल्दी लगाने के चक्कर में बिजली विभाग को लगा रहा करोड़ों का चूना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में सभी बिजली कंपनियों ने लगभग 27342 करोड़ रुपए में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का ठेका पोलीसिस कंपनी को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने लगभग 5200 करोड़ का टेंडर दिया। आलम यह है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन डिटोरा पीट रहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर बड़े अच्छे हैं और यह पब्लिक को बहुत लाभ देंगे परन्तु आज भी बड़े पैमाने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद पुराने मीटर की सीलिंग सर्टिफिकेट मीटर विभाग को नहीं जमा किए गए जिसकी वजह से लंबे समय से उपभोक्ताओं को बिजली का बिल नहीं प्राप्त हो रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा आज भी बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं के मित्रों में रीडिंग यर्ज है या रीडिंग स्टोर है यदि उसको शून्य कर दिया जाएगा तो करोड़ों का नुकसान बिजली विभाग का हो जाएगा। यह खेल पूरे उत्तर प्रदेश में चल रहा है लेकिन उद्योगपतियों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों का मुंह बंद कर दिया है उनको केवल स्मार्ट प्रीपेड मीटर जल्दी-जल्दी लगाओ यही दिख रहा है आने वाले समय में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की वजह से बिजली कंपनियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का ठेका लेने वाली पोलीसिस कंपनी के कार्मिकों ने और पेटी कॉन्टैक्टर ने मीटर लगाने वाले बेंडरो ने पुराने मीटर उतार कर नए लगाए, लेकिन पुराने मीटर का पूरा हिसाब नहीं किया और न ही पुराने मीटर विभाग को प्राप्त हुए। मीटर जीरो करने का मामला गोंडा जनपद में सामने आया जहां पर पोलीस कंपनी ने पुराने मीटर उतार कर सीलिंग सर्टिफिकेट में पुराने मीटर की रीडिंग जीरो भर दी बानी कि पुराना जो भी हो उसमें रही रीडिंग को बराबर कर दिया जिससे लाखों करोड़ों का नुकसान बिजली विभाग का होना तय है इससे खास तो यह है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई पुराना लेखा जोखा विभाग को नहीं प्राप्त हो रहा है।

बालवाटिकाओं ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा में गढ़ डाली एक नई सुबह

70,000 से अधिक बालवाटिकाएं शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित और क्रियाशील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 3 से 6 वर्ष के बच्चों में सामाजिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी

योगी सरकार की दूरदर्शी शिक्षा नीतियों के तहत सरकारी स्कूलों में स्थापित बालवाटिकाओं ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा में एक नई सुबह गढ़ दी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 70 हजार से अधिक प्राथमिक, कम्पोजिट स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं से सुसज्जित बालवाटिकाएं बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव रख चुकी हैं। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए यह रंगीन, खेल-खेल में सीखने वाला वातावरण उनके सामाजिक कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। बालवाटिका में बच्चों की स्कूल रेडिनेस में सुधार, सीखने में रुचि और प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के नए रुकिंग साफ दिखाई दे रहे हैं। अब बच्चे कक्षा-1 में प्रवेश से पहले मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर 5118 बालवाटिकाओं का भव्य शुभारंभ हुआ था। बच्चों ने गीत, नृत्य, नाटिका और चित्रकला जैसी गतिविधियों में भाग लिया था तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने इस पहल को स्वागत योग्य कदम बताया था। इसके माध्यम से शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता पर जोर देने का विशेष प्रयास भी इसी दिन शुरू हुआ था। शुभारंभ में शामिल अभिभावकों ने इसे स्वागतयोग्य कदम बताते हुए कहा था कि अब उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रही है। शिक्षा का दीप हर घर तक पहुंचेगा। बालवाटिकाओं में बच्चों के लिए बालमैत्रिक फर्नीचर, रंग-बिरंगे कक्षा-कक्ष, आउटडोर खेल सामग्री, लर्निंग कॉर्नर और गतिविधि-आधारित सैंडर बॉक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं। साथ ही अभ्यास पुस्तिकाएं, स्टेशनरी और अन्य शिक्षण-सामग्री भी प्रदान की गई है। प्रदेश के प्रत्येक स्कूल में प्रशिक्षित एटऋ एलुकेटर्स तैनात हैं, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीख सकें और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और हमारी प्रतिबद्धता स्रोत के तहत बालवाटिका अब सरकारी स्कूलों में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी जैसी सुव्यवस्थित प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास, सीखने की रुचि और आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

जनता की हर पीड़ा मेरी पीड़ा : केशव

- प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध और न्यायपूर्ण ढंग से हो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में हर व्यक्ति की बात पूरे धैर्य और संवेदनशीलता के साथ सुनी और कहा कि प्रदेश की जनता ही परिवार है, जनता की हर पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है। सरकार का दायित्व है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध और न्यायपूर्ण ढंग से हो।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को अपने लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आमजन से सीधा संवाद किया। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों ने अपनी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन, किसान, व्यापारी, महिलाएं व बुजुर्गों ने अपनी शिकायतें व आवेदन प्रस्तुत किए। उप मुख्यमंत्री ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य जनता की सेवा, जनता का सम्मान है। प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर जनता को अनावश्यक परेशान न किया जाए और शिकायतों का निरंतर समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से हो।

जनता दर्शन में आए लोगों की आंखों में यह विश्वास साफ झलक रहा था कि उप मुख्यमंत्री स्वयं उनकी समस्या सुन रहे हैं। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, रोजगार एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित प्रकरण अधिक आए। सभी मामलों को संबंधित विभागों को तत्काल भेज दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान कई जरूरतमंदों को तुरंत राहत दिलाई गई। संभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, वहीं गरीब व वंचित वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भरोसा दिया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन जैसे कार्यक्रम आमजन और सरकार के बीच सीधे संवाद का माध्यम हैं। सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और जनता दर्शन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है।

तीन दिवसीय इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ

लखनऊ। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर शिक्षाधारकों के उन्मुखीकरण के लिए तीन दिवसीय इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 1 से 3 सितम्बर तक दृष्टिबाधित छात्रों का छात्रावास, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर ज्ञा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में संचालित बचपन डे केयर सेंटरों के शिक्षक और विशेष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। राज्य आयुक्त ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांगजनों से सम्बन्धित सेवाओं को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को नवीन नीतियों, योजनाओं, तकनीकी सहयोग और कार्य-कौशल उन्नयन से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रमुख प्रावधानों जैसे शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बाधारहित पहुंच पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शोध संस्थान, निःशुल्क कोचिंग सेंटर और आयोग भवन होगा स्थापित

- उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक में लिया गया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

